**केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र**
**Sample Question Paper for Practice only**
**हाईस्कूल परीक्षा – 2026**
**High School Examination-2026**
**विषय - हिन्दी**
**Subject - Hindi**

| Total Question | Total Printed Pages | Time | Maximum Marks |
|---|---|---|---|
| 23 | 5 | 3 hours | 75 |

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं |
v. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं |
vi. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं |
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. 'क्षणवाद को महत्त्व' विशेषता है –
(अ) छायावाद की (ब) प्रयोगवाद की (स) नई कविता की (द) प्रगतिवाद की

ii. 'उत्साह' कविता की शैली है –
(अ) संबोधन शैली (ब) सूत्रात्मक शैली (स) कथात्मक शैली (द) मुहावरेदार शैली

iii. संचारी भाव को इस नाम से भी जाना जाता है -
(अ) स्थायी भाव (ब) विभाव (स) अनुभाव (द) व्यभिचारी भाव

iv. स्वयं प्रकाश जी के कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं -
(अ) ग्यारह (ब) तेरह (स) सत्रह (द) अठारह

v. निम्नलिखित में से 'अनन्त' का अनेकार्थी नहीं है –
(अ) आकाश (ब) अन्तहीन (स) विष्णु (द) पृथ्वी

vi. हिन्दी का स्मरण शिल्प में लिखा गया पहला उपन्यास माना जाता है –
(अ) मैला आँचल (ब) देहाती दुनिया (स) ग्राम सुधार (द) स्मृतिशेष

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए –** **(1x6=6)**

i. सूरदास ने हारिल पक्षी की तुलना -----------------से की है | (उद्धव/गोपियों)

ii. काव्य में जिस गुण के कारण पाठक का चित्त द्रवित हो जाता है--------------गुण कहलाता है। (माधुर्य/ओज)

iii. किसी नायक के जीवन का वृहद् चित्रण -------------------में होता है | (खण्डकाव्य/महाकाव्य)

iv. बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर पतोहू से ------------------मनाने के लिए कहा | (शोक/उत्सव)

v. 'निर्धन' शब्द-------------------सन्धि का उदाहरण है | (स्वर/विसर्ग)

vi. देवी-देवताओं का निवास --------------------कहलाता हैं | (खेदुम/युमथांग)

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए –** **(1x6=6)**

i. तुलसीदास को गुरुकृपा से रामभक्ति का मार्ग मिला |

ii. दोहा छन्द के विषम चरणों में 11-11 मात्राएँ होती हैं |

iii. 'सरस्वती पत्रिका' के साथ हिन्दी कहानी का जन्म माना जाता है |

iv. 'लखनवी अंदाज़' पाठ में वार्तालाप की शुरुआत लेखक यशपाल ने की थी |

v. 'इतनी गर्मी है, हो सकता है कल बारिश हो |' प्रश्नवाचक वाक्य का उदाहरण है |

vi. लड़के और बन्दर पराई पीर नहीं समझते |

**4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x6=6)**

| | **स्तम्भ (अ)** | **स्तम्भ (ब)** |
|---|---|---|
| i. | सप्तक | (क) अतिशयोक्ति अलंकार |
| ii. | आभ्यंतर | (ख) आकाश जो तारों से भरा है |
| iii. | मोती भरा थाल | (ग) दोहरा लाभ होना |
| iv. | अत्यन्त बढ़ा-चढ़ाकर किया गया वर्णन | (घ) भीतर की |
| v. | शब्द शक्ति के भेद | (च) सात सुरों का समूह |
| vi. | आम के आम गुठलियों के दाम | (छ) तीन |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **(1x6=6)**

i. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में मृतक में कौन जान डाल देगी ?

ii. आचार्य विश्वनाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए |

iii. लेखिका मन्नू भंडारी को कौन - सा उपन्यास बहुत अच्छा लगा ?

iv. किस समास में पहला पद और दूसरा पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं?

v. 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ में किस शहर के सौन्दर्य का वर्णन है?

vi. लेखक अज्ञेय ने भारत लौटकर रेल गाड़ी में बैठे - बैठे कौन - सी कविता लिखी थी?

6. रीतिकाल की कोई - दो विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**अथवा**

प्रयोगवाद की कोई - दो विशेषताएँ लिखिए।

7. तुलसीदास **अथवा** नागार्जुन की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(2)**
i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष

8. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ? **(2)**

**अथवा**

लक्ष्मण ने धनुष खंडित होने के क्या-क्या कारण बताए हैं ? 'राम-लक्ष्मण –परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर लिखिए |

9. स्मृति को पाथेय बनाने से कवि प्रसाद का क्या आशय है ? लिखिए | **(2)**

**अथवा**

संगतकार किन – किन मुख्य रूपों में मुख्य गायक – गायिकाओं की मदद करते हैं ?

10. 'खण्डकाव्य' किसे कहते हैं ? किसी एक खण्डकाव्य का नाम उसके रचनाकार के साथ लिखिए | **(2)**

**अथवा**

'छन्द' किसे कहते हैं ? छन्द के प्रकार के नाम लिखिए |

11. 'हास्य रस' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए | **(2)**

**अथवा**

निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है? पहचान कर उसका नाम लिखिए –

i. "पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु।"

ii. "कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो |

12. कहानी और उपन्यास में कोई –दो अंतर लिखिए | **(2)**

**अथवा**

आत्मकथा और जीवनी में कोई –दो अंतर लिखिए |

13. यशपाल **अथवा** मन्नू भण्डारी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(2)**

i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली

14. नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी का वर्णन लखनवीं अंदाज़ पाठ के आधार पर लिखिए | **(2)**

**अथवा**

बाल गोबिन भगत अपने खेत में किस अनाज की रोपणी करते थे? वह अपने खेत की पैदावार का क्या करते थे?

15. सुषिर – वाद्यों से क्या अभिप्राय है ? शहनाई को 'सुषिर वाद्यों में शाह' की उपाधि क्यों दी गई ? **(2)**

**अथवा**

'संस्कृति' पाठ के अनुसार 'सभ्यता' क्या है? लिखिए |

16. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – **(2)**

i. जो सर्वत्र विद्यमान हो
ii. जिसे बाँटा न जा सके

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए –

i. आँखे भर आना
ii. एक पंथ दो काज

17. बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे प्रकट करते है ? अपने शब्दों में लिखिए | **(2)**

**अथवा**

'कवी लोंग स्टॉक' किसलिए प्रसिद्ध है ?

18. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - **(3)**

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

**अथवा**

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है |

19. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – **(3)**

लेकिन आदत से मजबूर आँखें चौराहा आते ही मूर्ति की तरफ़ उठ गईं। कुछ ऐसा देखा कि चीखे, रोको! जीप स्पीड में थी, ड्राइवर ने ज़ोर से ब्रेक मारे। रास्ता चलते लोग देखने लगे। जीप रुकते न-रुकते हालदार साहब जीप से कूदकर तेज़-तेज़ कदमों से मूर्ति की तरफ लपके और उसके ठीक सामने जाकर अटेंशन में खड़े हो गए। मूर्ति की आँखों पर सरकंडे से बना छोटा-सा चश्मा रखा हुआ था, जैसा बच्चे बना लेते हैं। हालदार साहब भावुक हैं। इतनी-सी बात पर उनकी आँखें भर आईं।

**अथवा**

अपने ऊहापोहों से बचने के लिए हम स्वयं किसी शरण, किसी गुफ़ा को खोजते हैं जहाँ अपनी दुश्चिन्ताओं, दुर्बलताओं को छोड़ सकें और वहाँ से फिर अपने लिए एक नया तिलिस्म गढ़ सकें। हिरन अपनी ही महक से परेशान पूरे जंगल में उस वरदान को खोजता है जिसकी गमक उसी में समाई है |

20. 'पानी की बर्बादी' को रोकने हेतु एक विज्ञापन तैयार कर लिखिए | **(3)**

**अथवा**

कक्षा 11वीं में विषय चयन को लेकर अपने बड़े भाई और आपके मध्य संवाद लिखिए |

21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश **अथवा** गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(4)**

सच से हट कर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम ।
जो लक्ष्य भूल रुका नहीं, जो हार देख झुका नहीं।
जिसने प्रणय पाथेय माना, जीत उसकी ही रही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।
जो है जहाँ चुपचाप, अपने-आप से लड़ता रहे।
जो भी परिस्थितियाँ मिलें, काँटे चुभे कलियाँ खिलें।
हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही।

प्रश्न – i. उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

ii. उपर्युक्त पंक्तियों में 'जो नत हुआ वह मृत हुआ' का अर्थ क्या है ?

iii.'काँटे' और 'कलियाँ' किसके प्रतीक हैं ?

iv. उपर्युक्त काव्यांश का मुख्य सन्देश लिखिए |

**अथवा**

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है। भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानों-बानों, अहिंसा और न्याय के सिद्धान्तों पर आधारित स्वाधीनता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँधकर हुआ है। हम इतिहास की बात करें या वर्तमान की भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय एवं हर स्थान पर हुआ है। नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला इत्यादि से समृद्ध भारत की पहचान पूरे विश्व में है। भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस कला की कहानी लगभग पाँच हज़ार वर्ष पूर्व सिंधु घाटी की सभ्यता से आरंभ होती है। इसके दो प्रमुख नगरों; मोहनजोदाड़ो और हड़प्पा में अच्छी सड़कें, दो मंज़िले मकान, स्नान-घर, पक्की ईटों के प्रयोग के सबूत मिले हैं। भारत के प्रत्येक कोने में विभिन्न कलाएँ हमारी संस्कृति में प्रतिबिंबित होती हैं। इस अतुलनीय निधि का बचाव और प्रचार-प्रसार ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है, हम सभी को इसका संरक्षण करना चाहिए ।

प्रश्न – i. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

ii. भारत को अनोखा राष्ट्र कहने से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

iii. किन-किन कलाओं से भारत की पहचान पूरे विश्व में है?

iv. उपर्युक्त गद्यांश हमें क्या सन्देश देता है ?

22. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को आवेदन - पत्र लिखिए । **(4)**

**अथवा**

जिले की फुटबॉल टीम में कप्तान के रूप में चयनित होने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए |

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – **(4)**

i. मेरे सपनों का भारत
ii. प्रदूषण नियंत्रण : कारण एवं निदान
iii. मानव जीवन की प्रगति में कम्प्यूटर की भूमिका
iv. पुस्तकालय का महत्त्व
v. स्वच्छ भारत अभियान

------------------------------000------------------------------